**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

## अभ्यास पत्र - 1

**विषय – हिंदी** | **कक्षा – सातवीं** | **अप्रैल - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

परिश्रम हर व्यक्ति के जीवन में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिना परिश्रम के कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। परिश्रम ही वह कुंजी है जो सफलता के द्वार खोलती है। जब कोई व्यक्ति सच्ची लगन और मेहनत से कार्य करता है तो उसे न केवल सफलता मिलती है बल्कि वह आत्मनिर्भर भी बनता है। असफलताओं से घबराने के बजाए उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही सच्ची मेहनत का परिचय है। कठिन परिश्रम करने वाले व्यक्ति न केवल अपने जीवन को संवारते हैं बल्कि वे समाज के लिए भी प्रेरणा बनते हैं। इतिहास गवाह है कि जितने भी महान व्यक्तियों ने सफलता प्राप्त की है, वे सभी कठिन परिश्रम और धैर्य के मार्ग पर चले हैं इसलिए कहा जाता है –"परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता।"

1. परिश्रम का जीवन में क्या महत्त्व है?
   (i) यह व्यक्ति को आलसी बनाता है।
   (ii) यह सफलता की कुंजी है।
   (iii) यह केवल भाग्य पर निर्भर करता है।
   (iv) यह असफलता की ओर ले जाता है।

2. कौन व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है?
   (i) जो कठिन परिश्रम करता है। (ii) जो केवल भाग्य में विश्वास करता है।
   (iii) जो हमेशा आराम करता है। (iv) जो प्रयास करना छोड़ देता है।

3. इतिहास में कौन लोग महान बनते हैं?

(i) जो बिना मेहनत के आगे बढ़ते हैं।

(ii) जो कठिन परिश्रम और धैर्य से कार्य करते हैं।

(iii) जो केवल आरामदायक जीवन जीते हैं।

(iv) जो कभी असफलता का सामना नहीं करते।

4. परिश्रम से हमें क्या सीख मिलती है?

5. इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**शब्द -विचार**

प्रश्न. **1** दिए गए शब्दों के तत्सम या तद्भव रूप लिखिए।

आग, आँख, जल, पिता, दूध

**विलोम शब्द**

प्रश्न1.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

पक्ष, विराट, जीवन, सजीव, जमा

**संज्ञा**

प्रश्न1निम्नलिखित वाक्यों में किसी एक संज्ञा शब्द को छाँटिए और उनके भेद भी लिखिए।

i) उसने मुझे एक अच्छी किताब दी।
ii) राजा का घोड़ा दौड़ रहा है।
iii) उसकी बहन अनुराधा खेल रही है।

**हम पंछी उन्मुक्त गगन के (कविता)**

प्रश्न 1.कवि ने 'उन्मुक्त गगन' की कल्पना क्यों की है?

प्रश्न 2. पक्षी पिंजरे में रहना क्यों पसंद नहीं करते?

प्रश्न 3. इस कविता का मुख्य संदेश क्या है?

प्रश्न 4. 'हम बहता जल पीते' पंक्ति का क्या अर्थ है?

**हिमालय की बेटियाँ (लेख)**

प्रश्न 1. लेखक ने नदियों को 'हिमालय की बेटियाँ' क्यों कहा है?

प्रश्न 2. लेखक ने हिमालय की बेटियाँ किसे कहा है और क्यों?

प्रश्न 3. लेखक को नदियाँ कहाँ अठखेलियाँ करती हुई दिखाई पड़ती हैं?

प्रश्न 4. दूर से देखने पर नदियाँ लेखक को कैसी लगती थीं?

**अनुच्छेद लेखन**

'स्वच्छ पर्यावरण - स्वस्थ जीवन' विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।